(ख) यदि हां, तो भारतीय और विदेशी कम्पनियों द्वारा इस क्षेत्र में किए गए निवेश सहित, इसका कम्पनी-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यह निवेश कब किया गया था तथा उक्त प्रत्येक कम्पनी द्वारा औद्योगिक गैस क्षेत्र में डॉलर तथा रुपए में किए गए निवेश का ब्यौरा क्या है;

(घ) इन सभी भारतीय और विदेशी औद्योगिक गैस इकाइयों की उत्पादन क्षमता क्या है; और

(ङ) इन कम्पनियों द्वारा कुल कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई?

उद्योग मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त): (क) से (ङ) औद्योगिक गैस उद्योग में आक्सीजन, कार्बनडाइ-आक्साइड, घुली हई एसिटिलीन, नाइट्रस आक्साइड, नाइट्रोजन, आर्गन, हाइड्रोजन और गैस मिश्रण आते हैं। यह उद्योग अनिवार्य लाइसेंस से मुक्त है। एककों को क्षमता, प्रस्तावित निवेश इत्यादि का उल्लेख करते हुए औद्योगिक उद्यमिता ज्ञापन दायर करने होते हैं। गत तीन वर्षों के दौरान किये गये निवेश के प्रस्ताव नीचे दिये गये है :-

वर्ष दायर किये गये औद्योगिक उद्यमिता ज्ञापन

	एककों की संख्या	क्षमता के लिए कार्बन डाइ आक्साइड से भिन्न गैसें (लाख क्यूबिक मी)	कार्बन डाइ आक्साइड (टन)	निवेश (रुपये करोड़ में)
1996	34	9750.6	5500	725
1997	18	1326.88	6120	137
1998 जून तक	6	346.82	3465	78

इन प्रस्तावों में से कुछ के ब्योरे, जैसे कंपनी का नाम, विदेशी सहयोगकर्ता तथा उसके देश का नाम तथा डालर और रुपये में इक्विटी भागीदारी भारतीय निवेश केन्द्र द्वारा मासिक न्यूजलैटर के पूरक के रूप में प्रकाशित किये जाते हैं और उनकी प्रतियां नियमित रूप से संसदीय लाइब्रेरी को भेजी जाती हैं।

देश में औद्योगिक गैसों का उत्पादन मुख्यत: देशी बाजार के लिए किया जाता है। इन कंपनियों की विदेशी आय की निगरानी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की जाती है।

Share of fertiliser and coal sector in PSUs losses

4325. SHRI SOLIPETA RAMACHANDRA REDDY:
DR. Y. LAKSHMI PRASAD:

Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether fertiliser and coal sectors of PSUs account for lion's share of loss to the exchequer;

(b) if so, their performance in 1996-97 and 1997-98; and

(c) the efforts envisaged to make them viable units?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI SUKHBIR SINGH BADAL): (a) and (b) No, Sir. The coal and Lignite Sector has earned net profit of Rs. 1314 crores during 1996-97, the period for which information is available. However, the Fertilizer sector has incurred a loss of Rs. 978 crore during the said year.

(c) Enterprise specific measures are taken by the Government for rehabilitation of the sick and loss making units. The sick industrial PSUs are referred to the Board for Industrial and Financial Reconstruction (BIFR) for formulation of rehabilitation package. For loss making CPSUs, the administrative Ministry in consultation with the PSU management has evolved options like capital restructuring and technological upgradation.

Patenting inventions and innovations of Indian scientists

4326. SHRI SOLIPETA RAMACHANDRA REDDY:
SHRI YERRA NARAYANASWAMY:

Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state the steps taken to cut delays in patenting inventions and innovations of Indian scientists?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI SIKANDER BAKHT): The Government has been taking steps to reduce delays by attempting to modernise the patents system in the country. Steps are underway to modernise and strengthen the patent office

through a plan which would provide the required qualified personnel, infrastructural facilities, optimisation of available resources through reorientation of functions between offices, computerisation of procedures and elimination of backlog of patent applications.

Casual workers in IIL, Bokaro

4327. SHRI C.O. POULOSE:
SHRI JIBON ROY:

Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether the Instrumentation India Limited has engaged casual workers in its Bokaro Projects;

(b) if so, the number of casual workers working during 1997-98;

(c) since when the workers have been engaged as casual and the reasons therefor; and

(d) by when these workers are likely to be regularised?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI SUKHBIR SINGH BADAL): (a) to (b) Instrumentation Limited had 118 temporary workes in 1997-98 at Bokaro. Yearwise details of their appointment are as follows:

Financial Year	No. of workers
1969-70	1
1970-71	4
1971-72	41
1972-73	10
1973-74	13
1974-75	21
1975-76	28
TOTAL	118

These temporary workers were engaged to assist the regular employees in execution of the various contracts of erection and commissioning of instrumentation systems at Bokaro Steel city. There are no plans to regularise the temporary employees as IL is a sick company with surplus manpower which is being reduced through voluntary retirement scheme.

लघु क्षेत्र के उद्योगों के संबंध में स्थिति पत्र (स्टेटस पेपर)

4328. **श्री बरजिन्दर सिंह:**
श्री सुखदेव सिंह ढ़िंडसा:

क्या उद्योग मंत्री क्या यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में कार्य कर रहे लघु क्षेत्र के औद्योगिक एककों के संबंध में एक स्थिति पत्र तैयार करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो यह निर्णय लिये जाने के पीछे क्या कारण है; और

(ग) उक्त दस्तावेज को कब तक तैयार तथा प्रकाशित किये जाने की योजना है?

उद्योग मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त): (क) से (ग) उद्योग मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, जो प्रतिवर्ष छापी जाती है और संसद के समक्ष रखी जाती है, में अन्य बातों के साथ-साथ लघु औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित गतिविधियों की स्थिति के बारे में भी सूचना होती है। इसके अलावा, इस मंत्रालय का लघु उद्योग क्षेत्र के संबंध में अन्य कोई स्थिति-पत्र (स्टेटस-पेपर) प्रस्तुत करने का इस समय कोई प्रस्ताव नहीं है।

देश में औद्योगिक संस्थान

4329. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:**
श्री राज मोहिन्दर सिंह:

क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्तमान में देश में 242 औद्योगिक संस्थान सरकारी क्षेत्र के अन्तर्गत चल रहे हैं;

(ख) यदि नहीं, तो इनकी संख्या कितनी है;

(ग) क्या यह भी सच है कि इनमें से 101 संस्थान घाटे में चल रहे हैं;

(घ) यदि नहीं, तो इनकी संख्या कितनी है; और

(ङ) उन संस्थानों की पृथक-पृथक संख्या कितनी है, जो बहुत कम लाभ कमा रहे हैं अथवा पूंजी निवेश के औसतन पांच प्रतिशत तक लाभ कमा रहे हैं?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुखबीर सिंह बादल): (क) और (ख) जी, हां। 31.3.1997 तक केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के अन्तर्गत 242 उपक्रम थे।

(ग) और (घ) वर्ष 1996-97 के दौरान घाटा उठाने वाले उपक्रमों की संख्या 104 थी।